

## एक नजर में

### दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

**सीहोर.** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा नाबालिग बालिका का अपहरण कर उसके साथ दुष्कृत्य करने वाले पिता के मित्र आरोपी को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दण्डित किया गया. घटना के संबंध में विशेष लोक अभियोजक मनोज जाट ने बताया कि पीड़िता की मां ने भैरूंदा थाने में 30 मई 24 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उक्त दिनांक को शाम करीब 7 बजे उसकी 5 वर्षीय बेटी आंगन में खेल रही थी, तभी उसके पति का दोस्त धन्नालाल जाट आया व बच्ची से कहा कि चल हम दूध लेकर आते हैं और तुझे चीज दिलाने के बाद घर छोड़ दूंगा. यह कहकर धन्नालाल बच्ची को ले गया. जब कुछ देर बाद बच्ची को धन्नालाल वापस लेकर नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू की पर वह कहीं नहीं मिला. लेकिन रात साढ़े 9 बजे धन्नालाल बच्ची को लेकर आया. तब बच्ची ने अपनी मां को बताया कि धन्नालाल उसे लेकर पास के जंगल में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कृत्य किया. प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपी को दोषी आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया गया.

### फुटबॉल प्रतियोगिता का सेमीफाइनल आज

**सीहोर.** चर्च मैदान में राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. इस प्रतियोगिता में प्रदेश की करीब 16 टीम शामिल हुई. इसमें चार टीम ने लीग मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में स्थान प्राप्त किया. अब गुरुवार को प्रतियोगिता के दो सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे.



# छतरपुर में बढ़ा मौसमी बीमारियों का खतरा

## वार्ड भरे, बाल रोग और मेडिसिन वार्ड में सबसे ज्यादा दबाव

(प्रियंका सिंह)

**छतरपुर नगर, 20 अगस्त.** छतरपुर जिले में बारिश के मौसम के साथ ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है।

**जिला अस्पताल में बढ़ी मरीजों की भीड़**

**दूषित पानी और गंदा खाना बीमारियों का बड़ा कारण**

**40 फीसदी तक बढ़ी मरीजों की संख्या**




उल्टी-दस्त, टाइफाइड, डेंगू, मलेरिया और वायरल फीवर से लोग बड़ी संख्या में बीमार हो रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। वार्ड भी मरीजों से भरे हुए हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि पिछले एक हफ्ते में मरीजों की संख्या सामान्य दिनों के मुकाबले 30 से 40 प्रतिशत ज्यादा हो गई है। खासतौर पर बच्चों और बड़ों में उल्टी-दस्त और तेज बुखार के मामले अधिक देखने को मिल रहे हैं। कई मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है, जबकि अधिकतर का इलाज ओपीडी से किया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि बरसात के समय दूषित पानी और खुले में रखे भोजन से बीमारियां तेजी से फैलती हैं। इस समय टाइफाइड, डेंगू, मलेरिया और वायरल फीवर जैसे रोग सबसे ज्यादा लोगों को परेशान कर रहे हैं।

**अस्पताल की अपील**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि लोग सिर्फ साफ और उबला हुआ पानी ही पिएं, बासी या खुले में रखा भोजन न खाएं। मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी और रिपेलेंट का प्रयोग करें। अगर किसी को लगातार बुखार, उल्टी-दस्त या कमजोरी महसूस हो रही है तो तुरंत डॉक्टर से जांच कराएं। अस्पताल प्रशासन ने जनता से कहा है कि बीमारी के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज न करें। समय पर इलाज से मरीज की हालत बिगड़ने से बचाई जा सकती है। अस्पताल ने मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त डॉक्टर और नर्सों की ड्यूटी लगाई है।

# बीमार शिशु की जान बचाने पहुँची पुलिस

## सूचना मिलते ही पुलिस ने परिजनों को अस्पताल पहुँचाया

**छतरपुर नगर, 20 अगस्त . छतरपुर जिले के चंदला थाना पुलिस ने एक बीमार शिशु की जान बचाने में मदद की। बीती रात करीब 2 बजे पुलिस को सूचना मिली कि कुछ ग्रामीण परिजन अपने बीमार बच्चे को लेकर अजयगढ़ रोड पर इलाज के लिए भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है।**

**शिशु की हालत अब सामान्य**

**परिजनों ने पुलिस की मदद की तारीफ की**



सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चंदला निरीक्षक उदयवीर सिंह तोमर और चौकी प्रभारी बछौन उप निरीक्षक सुरेंद्र मरकाम तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदला पहुँचाया, जहां बच्चे का इलाज हुआ। अब शिशु की हालत सामान्य बताई जा रही है।

परिजनों ने पुलिस की त्वरित मदद और संवेदनशील रवैये के लिए धन्यवाद दिया। छतरपुर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत डायल 112 या पुलिस हेल्पलाइन नंबर 7049101021 पर संपर्क करें।

# बस स्टैंड के पास सड़क पर दो लोगों से मारपीट

**छतरपुर 20 अगस्त. शहर के बस स्टैंड क्षेत्र में सड़क पर दो लोगों से की गई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह वीडियो बुधवार दोपहर करीब 12 बजे सामने आया और देखते ही देखते शहरभर में चर्चा का विषय बन गया।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ लोगों ने बस स्टैंड के पास अचानक दो व्यक्तियों को घेरकर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे और किसी ने बीच-बचाव नहीं किया। घटना का वीडियो किसी राहगीर ने बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो कुछ ही घंटों में तेजी से वायरल हो गया।

**वायरल वीडियो की जांच में जुटी पुलिस**

वहीं मामले की जानकारी लगते ही सिटी कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने कहा कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान कर कार्यवाही की जाएगी।

### पार्वती बाई ने स्कूल के लिए दान की जमीन

**बुधनी 20 अगस्त.** ग्राम बरखेड़ा निवासी श्रीमती पार्वती बाई पति विक्रम सिंह भाटी ने शिक्षा के उत्थान के लिए एक प्रेरणादायी कदम उठाया है. उन्होंने अपने निजी स्वामित्व की 1 एकड़ 11 डेसीमल भूमि विद्यालय निर्माण के लिए दान कर दी. उनके इस पुनीत कार्य ने न केवल पूरे क्षेत्र में उदाहरण प्रस्तुत किया है, बल्कि यह भी साबित किया है कि अगर व्यक्ति चाहे तो समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत बड़ा योगदान दे सकता है. शासन ने भी उनके इस योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया है. अधिकारियों ने कहा कि पार्वती बाई का यह प्रयास शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम है.



# ‘बेटी की शिकायत पेटी’ अभियान

## महिला पुलिस अधिकारियों ने विद्यालयों में पेटी की जांच की

**छतरपुर नगर, 20 अगस्त. छतरपुर पुलिस द्वारा जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में अवकाश के समय भ्रमण कर छात्राओं से सीधा संवाद किया गया। यह कार्यक्रम 卐बेटी की शिकायत पेटी卐 अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया।**

महिला पुलिस अधिकारियों ने विद्यालयों में जाकर शिकायत पेटी की जाँच की और छात्राओं से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी समस्याएँ तथा सुरक्षा से जुड़े सुझाव सुने। अधिकारियों का कहना है कि इस

अभियान का उद्देश्य छात्राओं में सुरक्षा का भाव जगाना और उनकी बात सीधे पुलिस तक पहुँचाना है। इसके साथ ही विद्यालय के अध्यापकों और विद्यार्थियों को पुलिस की फीडबैक त्क्रकोड सेवा के बारे में भी जानकारी दी गई। इस सेवा के ज़रिए अब कोई भी व्यक्ति त्क्र कोड स्कैन कर अपनी शिकायत, सुझाव या पुलिस कार्यप्रणाली से जुड़ी समस्या को गोपनीय रूप से सीधे पुलिस अधीक्षक छतरपुर तक पहुँचा सकेगा।

### अव्यवस्थाओं को लेकर शर्मा ने सौंपा ज्ञापन

**सीहोर 20 अगस्त.** श्री विट्ठलेश सेवा समिति और प्रदीप मिश्रा द्वारा 6 अगस्त को सीहोर में निकाली गई कांवड़ यात्रा में बदइंतजामी के चलते हुई मौतों तथा खुलेआम डीजे बजाकर शासन के निर्देशों की अवहेलना को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंकज शर्मा ने मानव अधिकार आयोग में एक ज्ञापन सौंपा है. पंकज शर्मा ने प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वरधाम में पिछले 5 वर्षों में समिति की अव्यवस्थाओं और भगदड़ के चलते हुई मौतों और घायलों के सही आंकड़े पता करके इसमें समिति और प्रदीप मिश्रा की जि मेदारी तय कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है. पंकज शर्मा ने मृतकों और पीड़ितों के परिजनों को समिति द्वारा उचित मुआवजा दिलाए जाने तथा भविष्य में पर्याप्त इंतजाम करने और ऐसी घटनाएं ना होने का शपथ पत्र लेने की भी मांग की है और यदि भविष्य में वहां ऐसी कोई घटना होती है, तो समिति का पंजीयन रद्द कर उसकी सारी संपत्तियां राजसात की जानी चाहिए.

**सुरक्षा** | **अब सुरक्षा होगी और मजबूत**

# छतरपुर जिले को मिली डायल 112 की 31 नई गाड़ियां

छतरपुर नगर 20 अगस्त. छतरपुर जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए डायल 112 की 31 नई गाड़ियाँ जिले में पहुँची हैं। बुधवार दोपहर 1ः30 बजे पुलिस लाइन ग्राउंड से छ्ब्ढ्ढ ललित शाक्यवार, स्क्क अगम जैन और एडिशनल एसपी ने हरी झंडी दिखाकर इन गाड़ियों को जिले के विभिन्न थानों के लिए रवाना किया।



छ्ब्ढ्ढ ललित शाक्यवार ने इस अवसर पर कहा कि आज छतरपुर जिले के लिए यह खुशी का दिन है, क्योंकि हमें पहले से कहीं अधिक उन्नत गाड़ियाँ प्राप्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि अब डायल 100 की जगह डायल 112 सेवा लाई गई है, जो और भी ज्यादा एडवांस और सुविधाजनक है। नई गाड़ियों में



अत्याधुनिक तकनीक के तहत कैमरा, लाइव लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही सूचना देने वाले व्यक्ति की गोपनीयता भी सुरक्षित रहेगी। इन वाहनों की मदद से पुलिस को घटनास्थल तक समय पर पहुँचना आसान होगा।

> पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इन आधुनिक वाहनों से जिले में जनसुरक्षा और अपराध नियंत्रण को नई मजबूती मिलेगी और आम नागरिकों को और अधिक विश्वास मिलेगा कि पुलिस हर वक्त उनके साथ खड़ी है।


आप सभी जिले एवं प्रदेशवासियों को आजादी के महापर्व

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुंदर है जग में सबको, नाम भी न्यारा है,
जहाँ जाति-भाषा से बढ़कर, देश-प्रेम की धारा है...

स्वतंत्रता दिवस अमर रहे, भारत माता की जय

कार्यालय जिला खनिज विभाग छतरपुर, अमित मिश्रा
आदिम जाति कल्याण विभाग, मनोज अहिरवार
आबकारी विभाग बी.आर. वैद्य अधिकारी
जिला कोषालय अधिकारी बी.के. श्रीवास्तव
शा. आई.टी.आई. कॉलेज , डी.के. करोसिया
आर.ई.एस. विभाग, सलिल सिंह ई.ई.
जी.पी. सिंह, जिला पंजीयक छतरपुर
ए.एस. पाण्डेय डी.पी.सी. छतरपुर
संजय कुम्मरे कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई. छतरपुर
आर.एस. भदौरिया, महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक छतरपुर
रामस्नेही शुक्ला लोक, निर्माण विभाग छतरपुर
राजेश अवस्थी, आबकारी ठेकेदार छतरपुर
प्रो. सुधीर जैन महावीर मेडीकल छतरपुर
अरविन्द दांगी, थाना प्रभारी थाना कोतवाली छतरपुर
दीपक यादव, थाना प्रभारी थाना ओरछा रोड
बाल्मीक चौबे, थाना प्रभारी, सिविल लाईन थाना
शिवम् मिश्रा, आबकारी ठेकदार छतरपुर
सुनीता रासय आबकारी ठेकेदार, बड़ामलहरा
संतोष नागर, सचिव कृषि उपज मंडी हरपालपुर
गोविन्द सिह गौड़, कृषि उपज मंडी, बड़ामलहरा
ई. बालकेश चौरसिया, छतरपुर
जे.पी. प्रभाकर एसडीओ, पीएचई बड़ामलहरा
जगदीश पटेल डायरेक्टर जीवन ज्योति गुरप ऑफ कॉलेज, छतरपुर
अंशुल गुप्ता, श्री सिद्धि विनायक कंस्ट्रक्शन कंपनी छतरपुर
बुद्ध सिंह कौल रेंजर, छतरपुर
चैक पोस्ट, कैमाहा
टंडन बीज भंडार, छतरपुर
कृपाल सिंह मार्को, थाना प्रभारी भगवां
वृहस्पति साकेत, थाना प्रभारी यातायात थाना छतरपुर
डॉ. पूनम अभिषेक चौधरी, छतरपुर
नरेश यादव, मुख्य वन संरक्षक छतरपुर
के.एल अहिरवार पंजीयक नौगांव
डी.के. गुप्ता मनरेगा अधिकारी
एम.एल अहिरवार, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड छतरपुर
के.एस. परस्ते, ई.ई. पी.आई.यू. नौगांव
माया पाठक, दीपशिखा तिवारी, रश्मि छारी अधीक्षक छतरपुर

1. करो का भुगतान समय पर करें।
2. जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न बहाये।
3. जल कर एवं सम्पत्ति कर का समय पर भुगतान करे।
नोट : छतरपुर शहर के सभी नागरिक घर बैठे ई नगर पालिका पोर्टल की मदद से ऑनलाईन नगर पालिका से जुड़ी सेवाओं का लाभ ले सकते है एवं घर बैठे अपना कर जमा कर सकते है।
श्रीमती ज्योति सुरेन्द्र चौरसिया
विकेन्द्र बाजपेई
निवेदक : नगर पालिका परिषद, छतरपुर (म.प्र.)

राजकुमार सोनी प्राचार्य हायर सेकेण्डरी गंज स्कूल
श्रीमति लता वर्मा कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग छतरपुर
अजय सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी छतरपुर एवं समस्त ग्राम पंचायत
मोहमद तारिक महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना छतरपुर
जिला परिवहन अधिकारी श्री मति मधु सिंह छतरपुर
छात्रावास अधीक्षक संतोष बेलदार एवम पुष्पेंद्र ओम्मरे छतरपुर
महिला बाल विकास अधिकारी छतरपुर
ग्रामीण आजीविका मिशन संचालक श्री श्याम गौतम जी
मुनेंद्र गुप्ता जल संसाधन अधिकारी छतरपुर
उपपंजीयक कार्यालय लौंडी पंजीयक संजीव तिवारी
उपसंचालक कृषि कल्याण विभाग छतरपुर
श्री कृष्णा महाविद्यालय ग्रुप ऑफ एजुकेशन चौबे कॉलोनी छतरपुर
डायरेक्टर श्री विनोद रावत
गुरुदत्त् सेषा जी थाना प्रभारी गुलगंज
आर के पस्तोर रेंजर बड़ामलहरा
जे पी स्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी
श्री पवन इंटर प्राइजेज सटई रोड छतरपुर
प्रबंधक सेवा सहकारी समिति राजनगर प्रबंधक राममिलन पटेरिया
मध्य प्रदेश वेयर हाउस छतरपुर, प्रबंधक आर.ए. मिश्रा
आलोक जैन तहसीलदार छतरपुर
बापू डिग्री कॉलेज अध्यक्ष हरगोविंद गुप्ता
श्री सुभम शुक्ला एसडीओ पीडब्ल्यूडी छतरपुर
श्री मति सुभश्री शर्मा एसडीओ बिजावर